राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़

Email:- registrar.rmpu@gmail.com, Contact No. 7017836228

पत्रांकः–आर0एम0पी0यू0 / 829 / 2022 दिनांकः– 21 जुलाई, 2022

अधिसूचना

राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय अलीगढ़ से सम्बद्ध जनपद अलीगढ़, हाथरस, एटा एवं कासगंज में स्थित महाविद्यालयों में संचालित बी0एड0, एल0एल0बी0 एवं बी0ए0 एल0एल0बी0 प्रथम वर्ष 2021–22 की परीक्षायें राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय अलीगढ़ द्वारा दिनांक 03 सितम्बर, 2022 से कराई जायेगी तथा शीघ्र ही परीक्षा कार्यक्रम घोषित कर दिया जाएगा।

पूर्व में मूल विश्वविद्यालय द्वारा उपर्युक्त पाठ्यक्रमों के परीक्षा फार्म भरवाये गये थे, परन्तु प्राप्त डाटा के अनुसार कतिपय महाविद्यालयों के विद्यार्थियों के परीक्षा फार्म अभी नही भरे जा सके है। ऐसे छात्रों के परीक्षा फार्म सम्बन्धित महाविद्यालय द्वारा **दिनांक 23 जुलाई, 2022 से 31 जुलाई, 2022 तक बिना विलंब शुल्क के भरे जा सकते है** एवं दिनांक 01 अगस्त, 2022 से 05 अगस्त, 2022 तक रू0 500/– विलंब शुल्क के साथ परीक्षा फार्म भरे जायेंगे। कतिपय महाविद्यालय द्वारा भरे गये परीक्षा फार्मों का शुल्क जमा किया जा चुका है। जिन छात्रों का परीक्षा शुल्क जमा नहीं किया गया है, उनका परीक्षा शुल्क एवं दिनांक 23 जुलाई, 2022 से 31 जुलाई, 2022 तक भरे गये परीक्षार्थियों का परीक्षा शुल्क MIS के माध्यम से दिनांक 03 अगस्त, 2022 तक तथा दिनांक 01 अगस्त, 2022 से 05 अगस्त, 2022 तक भरे गये परीक्षा फार्मों का परीक्षा शुल्क दिनांक 08 अगस्त, 2022 तक जमा कराना सुनिश्चित करें।

21/7/22

(महेश कुमार)
कुलसचिव

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः–

1. मा0 कुलपति जी, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़।
2. वित्त अधिकारी, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़।
3. परीक्षा नियंत्रक, डा0 भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा।
4. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, आगरा / अलीगढ।
5. प्राचार्य / प्राचार्या / प्रबंधक, समस्त महाविद्यालय संबद्ध राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ।
6. सम्पादक, समस्त समाचार पत्र को इस अनुरोध के साथ कि उक्त महत्वपूर्ण सूचना को अपने सम्मानित दैनिक समाचार पत्र में छात्रहित में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।
7. अधिकृत एजेंसी को इस निर्देश के साथ कि समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों के लॉगिन आई0डी0 एवं विश्वविद्यालय वेबसाइट पर अपलोड करें।
8. गार्ड फाईल।

सहायक कुलसचिव

Scanned with CamScanner